E-Mail - divazmupjn@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आजमगढ़

पत्रांक 1014 / M-5 /52 दिनांक 07/07/25

## दिनांक 04.07.2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वछता समिति तथा पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 04.07.2025 को 01:00 बजे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में निम्नानुसार अधिकारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहें :-

1 मुख्य विकास अधिकारी महोदय।
2 जिला विकास अधिकारी महोदय।
3 अधिशाषी अभियंता उ. प्र. जल निगम ग्रामीण
4 जिला कृषि अधिकारी प्रतिनिधि आजमगढ।
5 प्रतिनिधि बेसिक शिक्षा अधिकारी आजमगढ।
6 प्रभागीय वनाधिकारी प्रतिनिधि आजमगढ।
7 सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)।
8 डी0पी0एम0यू0 टीम।
9 मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0।
10 मेसर्स जी0ए0बाबा प्रा0लि0।
11 मेसर्स सुधाकारा इन्फ्राटेक प्रा0लि0।
12 मेसर्स इको प्रोटेक्सन इंजीनियर्स प्रा0लि0।
13 मेसर्स विक्रान प्रा0लि0।
14 मेसर्स एस0आई0पी0एल0 प्रा0लि0।
15 मेसर्स गाजा प्रा0लि0।
15 समस्त आई0एस0ए0।
16 टी. पी. आई. मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0, ग्रेण्ड हास्पिटल के पास, सिधारी, आजमगढ़।

जल जीवन मिशन "हर घर नल से जल" योजना के अन्तर्गत कार्यो की समीक्षा बिन्दुवार की गयी, जो निम्नवत है:-

1. जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत भूमि सम्बंधित प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय द्वारा तीन प्रकार की श्रेणियों में निर्धारित प्रारूप पर विवरण उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देश दिया गया।

- ऐसे ग्राम पंचायत की सूची जिनमें वर्तमान तिथि तक एक बार भी भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है।

**केटेगरी – 1 का प्रारूप**

| क्र०सं० | एजेंसी नाम | ब्लाक | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|
| | | | |

- ऐसे ग्राम पंचायत की सूची जिनमें भूमि तो उपलब्ध कराई गई है परन्तु अवरोध के कारण कार्य सम्पादित करने मे बाधा उत्पन्न हो रही है।

**केटेगरी – 2 का प्रारूप**

| क्र०सं० | एजेंसी नाम | ब्लाक | ग्राम पंचायत | अवरोध के प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

Office Letter-1

E-Mail - divazmupjn@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आजमगढ़

पत्रांक 1014 / M-5 / 52 दिनांक 7/07/2025

- ऐसे ग्राम पंचायत की सूची जिसमे भूमि तो उपलब्ध करायी गयी एवं कार्य भी प्रारम्भ कराया गया परन्तु भूमि में खारा पानी आ जाने के कारण योजना का कार्य बाधित हुआ ।

**केटेगरी – 3 का प्रारूप**

| क्र०सं० | एजेंसी नाम | ब्लाक | ग्राम पंचायत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

- एवं इस आशय का प्रमाण सभी कार्यदायी संस्था प्रस्तुत करे कि अब कोई भी भूमि का विवाद अवशेष नहीं है एवं निर्धारित प्रारूपों की सूची बनाकर आज सांय काल तक प्रत्येक दशा में कार्यालय जल निगम ग्रामीण में जमा करना सुनिश्चित करे या अधिशाषी अभियंता समस्त सूची को पुनः संकलित करते हुए जिलाधिकारी महोदय को उपलब्ध कराए।

2. समीक्षा बैठक मे पाया गया कि एल0सी0 इन्फ्रा की तीन साल से 65 योजना लम्बित है एवं दो साल से 189 योजना का कार्य लम्बित है जिसमे एजेंसी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि 30 योजना का कार्य जुलाई में एवं 35 योजना का कार्य अगस्त में पूर्ण हो जायेगा।

3. समीक्षा बैठक मे पाया गया जी0ए0बाबा फेज–3 की दो साल से 30 योजना का कार्य लम्बित है जिसमे एजेंसी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि 20 योजना का कार्य जुलाई में एवं 10 योजना का कार्य अगस्त में पूर्ण हो जायेगा।

4. समीक्षा बैठक मे पाया गया मेसर्स सुधाकारा इन्फ्राटेक फेज–5 की दो साल से 125 योजना का कार्य लम्बित है जिसमे एजेंसी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि 25 योजना का कार्य जुलाई में एवं 46 योजना का कार्य अगस्त में एवं 50 योजना का कार्य सितम्बर में पूर्ण हो जायेगा।

5. समीक्षा बैठक मे पाया गया मेसर्स विक्रान फेज–5 की दो साल से 62 योजना का कार्य लम्बित है जिसमे एजेंसी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि 13 योजना का कार्य जुलाई में एवं 25 योजना का कार्य अगस्त में एवं 14 योजना का कार्य सितम्बर में पूर्ण हो जायेगा।

6. समीक्षा बैठक मे पाया गया मेसर्स गाजा फेज–5 दो साल से 20 योजना का कार्य लम्बित है जिसमे एजेंसी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि 10 योजना का कार्य जुलाई में एवं 10 योजना का कार्य अगस्त में पूर्ण हो जायेगा।

7. समीक्षा बैठक मे पाया गया मेसर्स इको प्रोटेक्सन फेज–5 की दो साल से 15 योजना का कार्य लम्बित है जिसमे एजेंसी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि 7 योजना का कार्य जुलाई में एवं 6 योजना का कार्य अगस्त में एवं 2 योजना का कार्य सितम्बर में पूर्ण हो जायेगा अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया गया है कि कार्य पूर्ण करने की कार्य योजना समस्त एजेंसियों से प्राप्त करते हुए संकलित सुचना जिलाधिकारी महोदय को उपलब्ध कराए ।

8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा बैठक में निर्देश दिया गया कि नल जल मित्र की सूची जल्द से जल्द सभी ब्लाक से लेकर ट्रेनिंग कराना सुनिश्चित करे।

9. जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में इस प्रारूप में प्रगति रिपोर्ट देना सुनिश्चित करे।

| क्रमांक | कार्यदायी संस्था का नाम | पूर्ण योजना की संख्या | टानगोइंग योजना की संख्या | आरम्भ योजना कि संख्या | 2 वर्ष से लंबित परियोजनाए | 3 वर्ष से लंबित परियोजनाए |
|---|---|---|---|---|---|---|

10. महोदय द्वारा समीक्षा बैठक में PM GATI SHAKTI PORTAL की जानकारी मांगी गयी जिसमे अधिशासी अभियंता द्वारा बताया फीडिंग की जा रही है।

11. महोदय द्वारा समीक्षा बैठक में सभी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि अब तक हुए हर घर जल रिपोर्टेड 100% एफ0एच0टी0सी0 ग्राम पंचायत का सर्टिफिकेशन एक सप्ताह के अंदर करवाना सुनिश्चित करे।

Office Letter-2

E-Mail - divazmupjn@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आजमगढ़

पत्रांक 1014 / M-5 / 52 दिनांक 07/07/2025

12. मैसर्स एल०सी० इन्फ्रा, मैसर्स जी०ए० इन्फ्रा एवं मैसर्स सुधाकारा, मैसर्स विक्रान प्रा0लि0 मैसर्स गाजा प्रा0लि0,मैसर्स इको प्रोटेक्सन इंजीनियर्स प्रा0लि0, मैसर्स एस0आई0पी0एल0 प्रा0लि0 को निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0 द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों को पूर्ण कराकर उसकी अनुपालन आख्या उपलब्ध कराये।

13. समीक्षा बैठक में सभी फर्मों को निर्देशित किया गया है कि रोड कटिंग के बाद पुन तोडी गयी रोड का पुर्नस्थापन किया जाय।

अंत में समस्त अधिकारियों एवं फर्म प्रतिनिधियों को जल जीवन मिशन कार्यक्रम को अभियान चलाकर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद संपन्न हुई।

(राजेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1 मुख्य विकास अधिकारी महोदय।
2 जिला विकास अधिकारी महोदय।
3 जिला कृषि अधिकारी प्रतिनिधि आजमगढ।
4 प्रतिनिधि बेसिक शिक्षा अधिकारी आजमगढ।
5 प्रभागीय वनाधिकारी प्रतिनिधि आजमगढ।
6 सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)।
7 डी0पी0एम0यू0टीम।
8 मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0।
9 मेसर्स जी0ए0बाबा प्रा0लि0।
10 मेसर्स सुधाकारा इन्फ्राटेक प्रा0लि0।
11 मेसर्स इको प्रोटेक्सन इंजीनियर्स प्रा0लि0।
12 मेसर्स विक्रान प्रा0लि0।
13 मेसर्स एस0आई0पी0एल0 प्रा0लि0।
14 मेसर्स गाजा प्रा0लि0।
11 समस्त आई0एस0ए0 ।
12 मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0, ग्रेण्ड हास्पिटल के पास, सिधारी, आजमगढ़।

अधिशासी अभियन्ता